Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 02-08-2006
Participants : Yadav Dr. Karan Singh,Bhargav Shri Girdhari Lal

>

Title : Need to provide scholarships to the students of Other Backward Classes at Post Matric Level.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : उपाध्यक्ष महोदय, इस देश में जब भी अनुसूचित जाति-जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए शिक्षण संस्थानों में, विश्वविद्यालयों, मेडिकल, इंजीनियरिंग अथवा मैनेजमैंट कोर्सेज में आरक्षण की बात की गयी है तभी समाज का सम्भ्रान्त वर्ग आरक्षण की खिलाफत तो करता है, मगर इन वर्गों को छात्रवृत्ति आदि देकर योग्य बनाने की वकालत जरूर करता है। केन्द्र सरकार ने इन वर्गों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की योजना भी बना रखी है, किन्तु खेद का विाय है कि राजस्थान में ओबीसी के छात्रों को विश्वविद्यालय, मेडिकल, इंजीनियरिंग, बी.एड. आदि अन्य कोर्सेज में पढ़ने के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। छात्रावासों में रहकर पढ़ने वाले छात्र भी छात्र वृत्ति से वंचित है। जो थोड़ी बहुत छात्रवृत्ति आवंटित की जाती है, वह भी पूरा साल गुजर जाने के बाद ही उपलब्ध हो पाती है। राजस्थान में सिर्फ ओबीसी ही नहीं अनुसूचित जाति व जनजाति की भी कमोबेश यही स्थिति है। गत वर्ा अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों ने समाज कल्याण विभाग और निदेशालय का घेराव किया तब केन्द्र सरकार से कुछ पैसा वहां आवंटित हुआ।

अतः मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि नया सत्र प्रारंभ हो चुका है, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय समूचे देश में ओबीसी और अनुसूचित जाति-जनजाति की पात्रता रखने वाले छात्रों का आकलन करके उसके अनुरूप समुचित धनराशि आवंटित करे जिससे छात्रों को कोर्स के शुरू में छात्रवृत्ति मिल सके, वरना उधार से पढ़ाई नहीं हो सकती। मैं आपके माध्यम से इस मामले को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री के पास पहुंचाना चाहता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री गिरधारी लाल भार्गव जी का नाम भी एशोशिएट कर दिया जाए।